# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद

## संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**भारत की आज़ादी का अमृत महोत्सव** के अंतर्गत,अगले कड़ी के रूप में आज, दिनांक 26 नवम्बर 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर गुरु नानक कॉलेज, N.S.S. इकाई 1 & 2, धनबाद के द्वारा 11:30 बजे से एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गूगल मीट पर हुआ जिसमें विद्यार्थियों के साथ शिंक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मिलाकर 76 लोगों की उपस्थिति थी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजय प्रसाद ने संविधान दिवस के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संविधान की विशालता एवं विशेषता को बताया एवं कहा कि हमलोगों का संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा के साथ अनुपालन ही भारत देश की एकता एवं अखंडता का आधार है। डॉ मिना मालखण्डी, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान एवं NSS पदाधिकारी (unit -2) ने संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया एवं विद्यार्थियों ने शपथ के रूप में इसे दोहराया। उन्होंने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का एवं कर्तव्यों के विषय में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी NSS ( unit -1) प्रो दिपक कुमार, प्रो चिरंजीत अधिकारी, पुस्तकालयाध्यक्ष सुश्री नुसरत परवीन , समेत अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थें।